विशेषण

➢ **<u>विशेषण की परिभाषा</u>** :– संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते है।
जैसे :– नील,कमल,महामूर्ख

➢ **विशेषण चार प्रकार के होते है :–**

(1.) <u>गुणवाचक विशेषण</u>

परिभाषा:–जिन विशेषण शब्दों के द्वारा संज्ञा के गुण या दोष (रंग,आकार,अवस्था,स्वाद, स्पर्श,गंध,समय,स्थान,दिशा) का बोध हो वहाँ गुणवाचक विशेषण कहते है।

उदाहरण :–(i) **गुण/ दोष** – भला मानुष,स्वार्थी लोग,अच्छे लोग,महात्मा।

(ii) **रंग** – कृष्ण मेघ,गुलाबी अनार,नीला आकाश।

(iii) **आकार** – मोटा आदमी,दुर्बल स्त्री,ऊबड़–खाबड़ रास्ते,उच्चे पर्वत।

(iv) **अवस्था** – युवा स्त्री,वृद्ध आदमी,जर्जर मकान।

(v) **स्वाद** – खट्टे अंगूर,मीठा आम,चटपटी सब्जी,कड़वा करेला,खारा पानी।

(vi) **स्पर्श** – कठोर हाथ,कोमल हथेलिया,मुलायम गाल,खुरदारी जमीन।

(vii) **गंध** – खुश्बूदार हवा,सुगंधित पुष्प,बदबूदार गली।

(viii) **समय** – नव युग,नई दुल्हन,प्राचीन इतिहास।

(ix) **स्थान** – बीकानेरी रसगुल्ले,कोटा साड़ी,जोधपुरी कोट,बनारसी साड़ी,सांगानेरी प्रिन्ट,जयपुरी रजाइयाँ।

www.hindibestnotes.com
P.M.K HINDI ST... NOTES

www.hindibestnotes.com

(x) **दिशा** – पूर्वी हवा,पश्चिमी द्वार।

(2.) परिमाणवाचक विशेषण

परिभाषा :–जिन विशेषण शब्दों के द्वारा निश्चित अथवा अनिश्चित मात्रा का बोध हो उन्हे परिमाणवाचक विशेषण कहते है।

उदाहरण :–(i) पाँच लीटर दूध (ii) तोड़े से अंगूर (iii) दो बीघा जमीन
(iv) खुबसारी चीनी (v) ढेरो(ज्यादा)आम (vi) पाँच मीटर कपड़ा
(vii) तोडा सा दूध(अल्प,किंचित्,जरा)

(3.) संख्यावाचक विशेषण

परिभाषा :– जिन विशेषण शब्दों के द्वारा निश्चित अथवा अनिश्चित संख्या का बोध हो उन्हे संख्यावाचक विशेषण कहते है।

उदाहरण :–(i) पाँच लड़के (ii) दस लाख रूपये (iii) लाखो लोग
(iv) दुगुना धन (v) कुछ किताबे (vi) अरबो रूपये
(vii) पहली पुस्तक

नोट – (i) **गिनी जाने वाले विशेष्य के साथ प्रयुक्त विशेषण – संख्यावाचक**
आज मैंने बहुत संतरे खा लिए।(संख्या)
(ii) **गिनी जानेवाली वस्तु के साथ प्रयुक्त विशेषण – परिणामवाचक**
बहुत सब्जी बच गई।(परिणाम)

(4.) सार्वनामिक विशेषण(संकेतवाचक विशेषण)

परिभाषा :– वे सार्वनाम शब्द जो विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते है वे सार्वनामिक विशेषण कहे जाते है।

उदाहरण :–(i) वह सुन्दर पुष्प है।**(निश्चयवाचक सर्वनाम)**
(ii) वह पुष्प है।**(सार्वनामिक विशेषण)**
(iii) जो लोग आए थे,वे कहॉ गए।**(जो,सार्वनामिक विशेषण)**
(iv) जो वृद्ध व्यक्ति आए थे,वे कहॉ गए।**(संबंधवाची सर्वनाम)**
(v) वह लड़की है।(सार्वनामिक विशेषण)
(vi)यह सुन्दर लड़की(**गुणवाचक विशेषण**)है।**(सम्पूर्ण वाक्य में निश्चयवाचक सर्वनाम)**

PURAN MAL KUMHAR

P.M.K HINDI SHORT NOTES
www.hindibestnotes.com

(vii)यह लड़की सुन्दर है।**(सार्वनामिक विशेषण)**
(viii)यह सुन्दर लड़की है।**(निश्चयवाचक सर्वनाम)**

➢**प्रविशेषण** :– विशेषण की भी विशेषता बताने वाले शब्दों को प्रविशेषण कहते हैं।
उदाहरण – (i)लड़का बहुत होशियार है।**(बहुत–प्रविशेषण)**
(ii) लड़के**(विशेष्य)** के अतितीव्र**(प्रविशेषण)**बुद्धि**(विशेषण)** है।

➢**उद्देश्य विशेषण** :– संज्ञा से पहले विशेषण का प्रयोग होती वहाँ उद्देश्य विशेषण कहा जाता है।
उदाहरण – (i)वह तीव्र बुद्धि(उद्देश्य विशेषण)लड़का है।
(ii)वह पंडित अल्प ज्ञानी(उद्देश्य विशेषण)है।

विधेय विशेषण :– संज्ञा के बाद विशेषण का प्रयोग हो तो वह विधेय विशेषण होता है।
उदाहरण – (i)लड़का बहुत होशियार(विधेय विशेषण)है।
(ii) मोहन बुद्धिमान(विधेय विशेषण)है।

www.hindibestnotes.com
P.M.K HINDI SHORT NOTES
www.hindibestnotes.com